हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 18 अप्रैल 2026

04 किसानों ने गेहूं खरीदी में बारदाने की कमी को उठाया



07 एचपीवी वैक्सीन लगाने में मुरैना अव्वल...





## खबर संक्षेप



### पुणे ट्रेन की मांग को लेकर पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा

**सागर।** बीना-कटनी होकर पुणे के लिए ट्रेन चलाने की मांग को लेकर एकता समिति प्रतिनिधि मंडल ने आज पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद भूपेन्द्र सिंह से भेंट कर रेलमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ठाकुर ने मांग पर सहमति व्यक्त करते हुए केंद्र स्तर पर उचित पहल करने का आश्वासन दिया। बुंदेलखंड अंचल के हजारों परिवार आईटी-एजूकेशन हब पुणे में है। कटनी-बीना होकर पुणे के लिए कोई ट्रेन नहीं है, इससे आने जाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। समिति द्वारा पुणे ट्रेन के लिए जारी पोस्टकार्ड अभियान में समाज के सभी वर्ग का समर्थन मिल रहा है। प्रतिनिधि मण्डल में अध्यक्ष सुधीर जैन, शरद गुप्ता, कमल जैन मासाब, राजेन्द्र मलैया शामिल थे।

### नगर निगम परिषद का विशेष सम्मेलन आज

**सागर।** नगर निगम परिषद का विशेष सम्मेलन 18 अप्रेल शनिवार को दोपहर 1 बजे से नगर निगम सभाकक्ष पुराने भवन में आयोजित किया गया है। सम्मेलन में शासनादेश अनुसार नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा दिनांक 10 से 25 अप्रैल तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सम्मिलन में डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ नारी शक्ति वंदन के संबंध में चर्चा की जावेगी।

### अमृतसर, वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा 3 मई को जाएगी

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत अमृतसर, वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा 3 मई को प्रस्तावित है। उक्त यात्रा हेतु जिले से कुल 262 यात्रियों का कोटा निर्धारित किया गया है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आगामी तीर्थ यात्रा के सफलता पूर्वक संपन्न कराने हेतु आयुक्त नगर निगम, अधिशासी अधिकारी छावनी, मुख्य कार्य पालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त, मुख्य नगर पालिका/नगर परिषद अधिकारी समस्त को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्र के यात्रियों के आवेदन फॉर्म जमा करावे और ऑनलाइन फीड कर 25 अप्रैल को ही कलेक्टर कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करें। ऑनलाइन आवेदन फीड करने हेतु शीघ्र ही यूजर आईडी उपलब्ध कराई जावेगी।

### राजस्व अधिकारियों की बैठक का आयोजन आज

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक 18 अप्रैल दिन शनिवार को दोपहर 2:30 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रभारी अधिकारी, राहत शाखा/राजस्व आंकिक/स्थापना शाखा/सी.एम. मॉनिट/भू-अर्जन/ नजारत शाखा/न्यायिक शाखा जिला सागर,अनुविभागीय अधिकारी (समस्त), परियोजना अधिकारी शहरी विकास प्राधिकरण सागर, अधीक्षक भू-अभिलेख सागर, तहसीलदारसहित अन्य अधिकारी शामिल होंगे।

### राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 को होगी

**सागर।** राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 26 अप्रैल को दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। प्रथम सत्र प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय सत्र दोपहर 02.15 बजे से 04.15 बजे तक प्रदेश के सभी संभागीय एवं जिला मुख्यालयों पर आयोजित होगी। आयोग ने परीक्षा आयोजन की वर्तमान व्यवस्था के अतिरिक्त इस महत्वपूर्ण परीक्षा की प्रक्रियात्मक निष्पक्षता एवं नागरिकों में विश्वास बनाए रखने हेतु सागर संभाग के लिए संभाग /जिलेवार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है।

---

कार्य में प्रगति नहीं लाने वाले लापरवाह अधिकारी और कर्मचारियों पर होगी कठोर कार्यवाही

# गर्भवती माताओं, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की करें विशेष निगरानी: कलेक्टर प्रतिभा पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मातृ-शिशु मृत्यु दर रोकने हर संभव प्रयास करें, गर्भवती माताओं, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी करे एवं गर्भवती माता का पंजीयन एवं सभी जांचें भी समय पर करें। कार्य में प्रगति न लाने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। उक्त निर्देश कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी विवेक के वी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर्य, सिविल सर्जन डॉक्टर आर एस जयंत सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।



कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिले में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को शून्य पर लाने के लक्ष्य के साथ निर्देश दिए कि इनकी स्पेशल ट्रैकिंग करते हुए जितनी भी हाई रिस्क गर्भवती महिलाएं चिन्हित की गईं हैं, उनकी सूची बीएमओ के पास अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। ऐसी महिलाओं की एएनएम और आशा कार्यकर्ता विशेष निगरानी करें। किसी भी आपात स्थिति में उन्हें बिना देरी के उच्च स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं का एएनसी समय पर किया जाए, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार सुनिश्चित हो सके। साथ ही उन्होंने किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि कार्य में प्रगति न लाने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्य वाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों एवं स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में आयुष्मान भारत योजना, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिकों को समय पर, गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक उपकरण, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, साफ-सफाई तथा मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक व्यक्ति की 'आभा आईडी' बनाई जाए। इससे मरीज का पूरा मेडिकल इतिहास (पुरानी बीमारियां, जांच रिपोर्ट, दवाएं) डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेगा। मरीज को भारी-भरकम फाइलें लेकर घूमने की जरूरत नहीं होगी। वहीं दूसरी ओर डॉक्टर को इलाज करने में आसानी होगी। इससे स्क्रीनिंग में भी मदद मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी को भी निर्देशित किया कि वे हर बच्चे की आभा आईडी बनना सुनिश्चित करेंगे।

कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा निर्देश दिये गये कि सेक्टरवार कार्य किया जाये। पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायें। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिये माता एवं शिशु को प्रदाय की जा रही सेवाओं की गहन समीक्षा एवं मातृ एवं शिशु मृत्यु रोकने पर विशेष ध्यान दिया जाये। गर्भवती महिलाओं के प्रथम एएनसी पंजीयन से लेकर समस्त चार जोंचें एवं उच्च जोखिम पूर्ण महिलाओं की लगातार फालोअप करते हुये सुरक्षित प्रसव कराने के निर्देश दिये गये। सही तरीके से कार्य न करने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये। महिला एवं बाल विकास अधिकारी को सभी एनआरसी में शत प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी रखने के सख्त निर्देश दिये गये। शिशु टीकाकरण ड्यू लिस्ट अनुसार शत प्रतिशत करने के निर्देश दिये गये ।

## खुरई में घर के दरवाजे पर लटका मिला शख्स, बेटे ने लगाए हत्या के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

वीर सावरकर वार्ड में शुक्रवार को 55 वर्षीय जगदीश अहिरवार का शव उनके घर के मुख्य दरवाजे से लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी है। मृतक जगदीश की पत्नी ने शुक्रवार सुबह उन्हें घर के मुख्य दरवाजे पर रस्सी से लटका देखा। शोर सुनकर पड़ोसी और बच्चे वहां पहुंचे, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा। बेटे अनीस अहिर वार ने बताया कि बुधवार रात उनके पिता अपने एक मारवाड़ी दोस्त के साथ घर के बाहर शराब पी रहे थे। अनीस ने बताया कि पिता की मौत के बाद से वह दोस्त लापता है। परिजनों ने इस आधार पर घटना को संदिग्ध बताया है। जगदीश अहिरवार मूल रूप से विदिशा जिले के पठारी क्षेत्र के बिसराई गांव के रहने वाले थे। वे पिछले कुछ वर्षों से परिवार के साथ खुरई में निवास कर रहे थे।

### हर एंगल से जांच कर रही पुलिस

सहायक उपनिरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के विस्तृत बयानों के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## खुरई में वाहन की टक्कर से दो छात्राएं घायल, कॉलेज से लौटते समय हादसा

**खुरई।** नेशनल हाईवे खुरई-बीना रोड पर शुक्रवार को सड़क हादसा हो गया। डिग्री कॉलेज के पास पेट्रोल पंप के सामने एक मालवाहक वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिसमें दो छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल छात्राओं की पहचान नानक वार्ड खुरई निवासी रिशिता तिवारी (20) और सौम्या जैन (19) के रूप में हुई है। दोनों कॉलेज से प्रैक्टिकल देकर स्कूटी से घर लौट रही थीं। जानकारी के अनुसार, जैसे ही छात्राओं ने हाईवे पर स्कूटी मोड़ी, उसी दौरान पीछे से आ रहे मालवाहक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन सड़क से नीचे उतर गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। दोनों छात्राओं को सिविल अस्पताल खुरई पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सागर रेफर कर दिया गया। दोनों छात्राओं के हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। रिशिता तिवारी के चेहरे पर भी गंभीर चोटें बताई जा रही हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## बस संचालकों पर परिवहन विभाग की कार्रवाई बिना परमिट चलती बस जब्त, जुर्माना वसूला

**मालथौन।** सड़कों पर यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले और मनमाने तरीके से बसें चलाने वाले ऑपरेटरों के खिलाफ अब परिवहन विभाग ने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपना ली है। परिवहन मंत्री और आयुक्त के सख्त निर्देशों के बाद विभाग का विशेष जांच दस्ता सड़कों पर उतर आया है, जिससे नियम विरुद्ध बस चलाने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। परिवहन विभाग की यह सक्रियता न केवल राजस्व वसूली की दृष्टि से, बल्कि आम नागरिक की सुरक्षा के लिहाज से है। अक्सर देखा जाता है कि बस संचालक अधिक मुनाफे के लालच में परमिट और निर्धारित रूटों की अनदेखी करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। विभाग की कार्यवाही ने यह साफ कर दिया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है।

संभागीय उड़नदस्ता प्रभारी कुलदीप भार्गव और उनकी टीम ने पिछले कl दिनों में 200 से अधिक बसों की सघन जांच की गई। नियमों की अनदेखी करने वालों से 16,600 रुपये का जुर्माना वसूला गया।साथ ही बिना परमिट के अवैध रूप से दौड़ रही बस एमपी 04 पीए 2672 को जप्त कर लिया गया है। पूरी कार्यवाही में अंजना नागेश प्रधान आरक्षक, मुकेश जैन, मुकेश सिंह, किरण यादव आरक्षक की मुख्य भूमिका रही। परिवहन विभाग की इस कार्यवाही से बस संचालक फिलहाल बसों को दुरुस्त करेंगे जिससे हादसों की संख्या में कमी आएगी।

विभाग की इस मुहिम का एक सराहनीय मानवीय चेहरा भी सामने आया है। चेकिंग अभियान के दौरान विभाग की टीम घायल जानवरों का इलाज कराकर गौसेवा भी कर रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को राहतगढ़ रोड पर चेकिंग के दौरान टीम को एक घायल गाय मिली, जिसका तत्काल इलाज कराकर उसे सुरक्षित रूप से राहतगढ़ गौशाला भिजवाया गया।

## तनुश्री ने प्रदेश में 8वीं रैंक की हासिल, पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

सागर जिले के गढ़ाकोटा स्थित एसपी मेमोरियल स्कूल की होनहार छात्रा तनुश्री कुर्मी ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 96.8% अंक प्राप्त कर पूरे मध्य प्रदेश में आठवीं रैंक हासिल कर क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव द्वारा अपने निवास गणनायक पर मिठाई खिलाकर बच्चों का उत्साहवर्धन कर शुभकामनाएं दी हैं साथ उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में नगर गढ़ाकोटा के एस.पी.मेमोरियल कान्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। कक्षा 12वीं में कु. तनुश्री पिता मनोहर कुर्मी एवं कक्षा 10वीं में ओमकान्त पिता देवेंद्र लोधी ने उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल कर सभी के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की है। साथ ही विद्यालय के कक्षा 12वीं के 37 एवं कक्षा 10वीं के 29 विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता की नई कहानी लिखी है। निज निवास गणनायक पर इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों से आत्मीय भेंट कर उनका मुंह मीठा कराया एवं उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों से संवाद कर उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में जाना एवं उन्हें आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। पुनः सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं।



### समाज के लोगों ने किया सम्मान

वहीं कु तनुश्री पिता मनोहर कुर्मी की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे कुर्मी समाज और गढ़ाकोटा क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। तनुश्री की इस सफलता पर कुर्मी समाज के लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। समाज के वरिष्ठजनों और पदाधिकारियों ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सभी ने तनुश्री की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया।

इस अवसर पर एसपी मेमोरियल स्कूल के संचालक कमलेश पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, कुर्मी समाज के अध्यक्ष महेश पटेल, जिला पंचायत सदस्य संतोष पटेल, सरपंच प्रतिनिधि राम मनोहर पटेल, पूर्व सरपंच जितेंद्र कुर्मी, त्रिलोक पटेल, रमाकांत चौधरी, कौशल कपस्या, हित प्रसाद कपस्या, दिलीप चौधरी, कंछेदी पटेल, राघवेंद्र पटेल (रोन), यशवंत कुर्मी, संदीप पटेल (एडवोकेट) सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने तनुश्री को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

तनुश्री ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और निरंतर मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य आगे भी इसी प्रकार कड़ी मेहनत कर उच्च शिक्षा प्राप्त करना और समाज व देश का नाम रोशन करना है।



## सशक्त महिला ने किया समर्थ महिला का सम्मान

**सागर।** भारतीय स्त्री शक्ति की मध्यप्रदेश अध्यक्ष-डॉ. प्रतिभा तिवारी ने गुरुवार को संगठन के प्रतिनिधिमंडल के साथ सागर की नवागत जिलाधीश प्रतिभा पाल से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिलाधीष प्रतिभा पाल का पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन करते हुए जिलाधीश के सम्मान में डॉ. प्रतिभा तिवारी ने कहा कि आपकी नेतृत्व क्षमता को देखकर सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। क्योंकि सशक्त नारी सशक्त समाज और सशक्त भारत यही उन्नति महिलाओं का पूर्ण सम्मान है। भेंट के दौरान भारतीय स्त्रीशक्ति के विभिन्न विषयों पर महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सहभागिता एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े सकारात्मक विषयों की जानकारी से डॉ. प्रतिभा तिवारी ने उन्हें अवगत कराया। जिलाधीष प्रतिभा पाल ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भारतीय स्त्री शक्ति मध्यप्रदेश की अध्यक्ष-डॉ. प्रतिभा तिवारी के साथ सागर इकाई की अध्यक्ष प्रज्ञा उपाध्याय, विद्यार्थी परिषद की कु. सौम्या तिवारी, डॉ. ममता सिंह एवं शैलवाला बैरागी उपस्थित रहीं। डॉ. प्रतिभा ने जिलाधीश के प्रतिनिधि मंडल को उनके प्रभार ग्रहण करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।



## शहर संभाग सागर में बिजली चोरी पकड़ने सघन चेकिंग अभियान तेज

**सागर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र वि.वि.कं. लि. सागर वृत्त के अंतर्गत मुख्य अभियंता देवेन्द्र कुमार के निर्देशन में एवं अधीक्षण अभियंता चंद्ररेखा प्रभाकर के मार्गदर्शन में वृत्त कें अंतर्गत सागर शहर के साथ ही खुरई, बीना, रहली, बंडा एवं सागर ग्रामीण अंतर्गत विद्युत खपत बढने के साथ ही विद्युत चोरी की घटनाओ को देखते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता चंद्ररेखा प्रभाकर ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो जाने से कूलर, पंखे एवं एसी का उपयोग बढने के साथ ही विद्युत खपत में इजाफा हो रहा है। इसलिए उपभोक्ता मीटरो मे लूप लगाकर, डायरेक्ट तार डालकर, अलग अर्थिंग का वायर लगा कर एंव स्मार्ट मीटर में छेडछाड कर विद्युत चोरी को अंजाम दे रहे है। इसलिए विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । नगर संभाग के कार्यपालन अभियंता इमरान खान के निर्देशन में चलाए जा रहे चेकिंग अभियान में पाया गया कि स्मार्ट मीटर से प्राप्त ईवेन्ट्स एवं डाटा के विश्लेषण से विभाग को विद्युत चोरी की सटीक और त्वरित जानकारी मिल रही है जिससे मौके पर ही प्रभावी कार्यवाही संभव हो पा रही है। इसी क्रम में स्मार्ट मीटर के विश्लेषण से 34 मामले प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार विद्युत चोरी की कार्यवाही की जा रही है। संबंधित उपभोक्तआ कुसुंबी रजक सूबेदार वार्ड, गोरेलाल यादव, हेमराज बरार सदर बाजार द्वारा मीटर को बायपास कर अनाधिकृत रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था एवं उपभोक्ता जै.सी रजक सूबेदार वार्ड, सुनीता चौरसिया रैकवार धर्मशाला पुरव्याऊ टौरी द्वारा अलग से न्यूटल का वायर डाल कर विद्युत का अनाधिकृत रूप से उपयोग करना पाया गया। नीतेश कुमार गुप्ता सिविल लाईन, कनखासा खान सिविल लाईन, श्रीराम गौतम शिवम अपार्टमेंट के सामने द्वारा घरेलू मीटर से गैर घरेलू (व्यवसाय) उपयोग पाया।

नागरिक जनभागीदारी से सौन्दर्यीकरण की मांग पर अड़े, प्रशासन की चुप्पी

# मुक्तिधाम में बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में अनिश्चतकालीन भूख हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

देवरी नगर के झुनकु वार्ड स्थित मुक्तिधाम में विगत 04 अप्रैल को जन सहयोग से चल रहे निर्माण कार्य पर प्रशासन द्वारा की गई बुलडोजर कार्रवाई को लेकर क्षुब्ध नागरिकों द्वारा आरंभ किया गया सत्याग्रह अनिश्चत कालीन भूख हड़ताल के चरण पहुँच गया है। मामले को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की चुप्पी और शासन की बेरूखी नगर में चर्चा का विषय है। यह अपने आप में अनूठा मामला है जब प्रशासन द्वारा राजनैतिक रस्साकशी के चलते मुक्तिधाम में जनसहयोग से सुविधाओं के विस्तार को रोका गया है।




मामले में मौन जुलूस, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन, धरना प्रदर्शन, क्रमिक भूख हड़ताल के बाद आज से अनिश्चतकालीन भूख हड़ताल आरंभ हो गई है। प्रशासन को सूचना के बाद स्थानीय नगरपालिका चौराहे पर आरंभ हुई निश्चतकालीन भूख हड़ताल के पहले दिन देवरी नगर के तिलक वार्ड निवासी सौरभ राजा गुप्ता पिता स्व. राजेश गुप्ता 25 वर्ष अनिश्च कालीन भूख हड़ताल पर बैठ गये है। गुरूवार दोपहर 12 बजे से आरंभ हुई इस हड़ताल के समर्थन में दिन भर देवरी नगर के जागरूक नागरिकों एवं स्वयंसेवियों ने सत्याग्रह स्थल पहुँचकर मांगो के समर्थन में धरना दिया एवं प्रशासन एवं शासन से मामले में हस्तक्षेप की मांग की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश सोनी ने कहा कि ये दुर्भाग्य है कि देवरी नगर में 150 वर्ष पुरानी नगरपालिका होने के बाद भी विकास और बदलाव दिखाई नही देता। नगर में कई बार विकास बदलाव और सौन्दर्यीकरण के प्रयास किये गये परंतु अवरोधों के कारण ऐसे प्रयास दम तोड़ गये। कुछ सियासी लोग ऐसे है जो नगर के बदलाव से डरते है और गंदगी और अव्यवस्था को पसंद करते है वह नही चाहते कि ऐतिहासिक देवरी नगर सुन्दर और व्यवस्थित बने। आज जिले की अन्य तहसीले और कस्बे विकास और व्यवस्था के मामले में देवरी नगर के दशकों आगे है। परंतु देवरी नगर में विकास और जनता के काम रोके जाने का सियासी ,खेल चल रहा है। प्रशासनिक अधिकारी मजबूर होकर अपने कर्तव्यों से पृथक जनभावनाओं के विपरीत काम कर रहे है।

### तमाशबीन बना प्रशासन अधिकारी हो गए चुप

मुक्तिधाम में जन सहयोग और जनता की दान राशि से चल रहे सौन्दर्यीकरण के कार्यो को रोके जाने और निर्माण कार्यो पर बुल्डोजर कार्रवाई के विरोध में चल रहे सत्याग्रह को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने चुप्पी साध ली है, मामले को लेकर अधिकारी न तो कुछ बोलने को तैयार है न उनके द्वारा मामले में सत्याग्रह कर रहे नागरिकों की कोई सुध ली गई है। विगत 9 दिवसो से लगातार चल रहे इस आंदोलन के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी न तो प्रदर्शन स्थल पर उनकी मांगे सुनने पहुँचे है न ही उनके द्वारा गतिरोध समाप्त करने के लिए कोई प्रयास किये गये है। यह पहला अवसर है जब प्रशासनिक अधिकारी अपने कर्तव्यों से पृथक राजनैतिक रस्साकशी के जाल में फॅसा हुआ महसूस कर रहे है।

## खबर संक्षेप

### सस्ती जमीन का झांसा देकर 11 लाख की ठगी

**ललितपुर**। कोतवाली थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी और जालसाजी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। नोएडा निवासी एक व्यक्ति को सस्ती जमीन दिलाने का लालच देकर चार जालसाजों ने कथित तौर पर 11 लाख रुपये हड़प लिए और बाद में जान से मारने की धमकी देकर अतिरिक्त वसूली भी की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नोएडा के सेक्टर-11 निवासी राजेश कुमार सिन्हा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उन्हें ललितपुर में जमीन की आवश्यकता थी। दिसंबर 2025 में उनकी मुलाकात योगेश चन्द्र सक्सेना (आगरा), फैज मोहम्मद, मो. इमरान (शामली) और आशुतोष तिवारी (बिहार) से हुई। इन चारों ने खुद को गल्ला मंडी स्थित एक 10 बीघा जमीन का मालिक व साझीदार बताया। आरोपियों ने पीड़ित को भरोसा दिलाया कि वह बाजार भाव से काफी कम दर (40 लाख रुपये प्रति बीघा) पर जमीन बेच रहे हैं। झांसे में आकर राजेश सिन्हा ने 6 जनवरी 2026 को आरोपियों को 11 लाख रुपये बतौर टोकन मनी दे दिए। आरोपियों ने वादा किया था कि जमीन पर लगा बिजली का खंभा हटवाकर 15-20 दिनों में रजिस्ट्री कर दी जाएगी। समय बीतने के बाद जब रजिस्ट्री नहीं हुई, तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी। आरोप है कि 15 मार्च 2026 को जब पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उसे भद्दी गालियां दीं और जान से मारने का डर दिखाकर 40 हजार रुपये की जबरन वसूली (एक्सटॉर्शन) भी की। बाद में जांच करने पर पता चला कि उक्त जमीन आरोपियों की है ही नहीं और वह फर्जी मालिक बनकर लोगों को ठगते हैं। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफमुकदमा पंजीकृत किया है।

### जमीन विवाद में मारपीट वकील पर हमला किया

**ललितपुर**। कोतवाली क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन निवासी अशोक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वह पेशे से अधिवक्ता हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा और प्लॉटिंग करने का प्रयास किया जा रहा था। उनके अनुसार, घटना 13 दिसंबर 2025 की शाम करीब 6.15 बजे की है, जब वह अपनी पत्नी के साथ खेत पर मौजूद थे। इसी दौरान आरोपित सुरेंद्र कुमार शर्मा, प्रभात शर्मा, इकबाल अली उर्फ कंजे मामा, शहीद खान व देवेंद्र कुशवाहा मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। आरोप है कि प्रभात शर्मा ने डंडे से हमला किया, जिससे वादी के हाथ में गंभीर चोट आई और फ्रैक्चर हो गया। मौके पर मौजूद लोगों के हस्तक्षेप से जान बच सकी, लेकिन आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित का यह भी आरोप है कि पूर्व में भी आरोपियों द्वारा नाले पर अवैध कब्जा और उनकी जमीन पर दबाव बनाने की कोशिश की जाती रही है। शिकायत के बावजूद पहले कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर मामला दर्ज किया गया।

### मंदिर के पास सूअर भ्रमण से आक्रोश

**ललितपुर**। नई बस्ती स्थित श्रीराधाकृष्ण मंदिर के पास गंदगी और सुअरों के जमावड़े को लेकर क्षेत्र में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंदिर प्रबंध समिति ने इस गंभीर समस्या को लेकर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को लिखित शिकायत देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। प्रबंध समिति द्वारा दिए गए पत्र के अनुसार, मोहल्ला गांधी नगर में स्थित मंदिर के आसपास बड़ी संख्या में आवारा सूअर घूम रहे हैं। ये सूअर मंदिर के पास ही गंदगी फैलाते हैं, जिससे वहां आने वाले श्रद्धालुओं और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि मंदिर के पास से गुजरना भी मुश्किल हो गया है। समिति ने आरोप लगाया है कि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को नाक बंद कर निकलना पड़ रहा है, जो धार्मिक स्थल की गरिमा के खिलाफ है।

### किसान दिवस, कोई भी व्यापारी न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दर पर खरीद न करें

# किसानों ने गेहूं खरीदी में बारदाने की कमी को उठाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला पंचायत सभागार में सीडीओ शेषनाथ चैहान की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं किसानों ने भाग लिया। बैठक में कृषि क्षेत्र से जुड़े सिंचाई, बिजली, बैंक, कृषि, उद्यान, सहकारिता, विपणन, चकबंदी, दुग्ध एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक तथा फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

किसान दिवस में किसानों ने वर्ष 2025-26 की गेहूं खरीद को लेकर बारदाने (जूट बोरे) की कमी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। किसानों ने बताया कि बोरे की कमी के कारण न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद में परेशानी हो रही है। इस पर अपर जिला सहकारी अधिकारी एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही जनपद में पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध कराया जाएगा। किसान नवनीत शर्मा ने सुझाव दिया कि विपणन विभाग के 6 खरीद केन्द्रों को बंद कर वहां उपलब्ध बारदाना सहकारिता विभाग के 20 क्रय केन्द्रों पर उपलब्ध कराया जाए, जिससे खरीद प्रक्रिया तेज और सुगम हो सके। साथ ही उन्होंने खरीद केन्द्रों की दैनिक क्षमता 300 कुंतल से बढ़ाकर 600 कुंतल करने की मांग भी रखी। वहीं किसान मलखान सिंह यादव ने थनवारा क्षेत्र में किसानों के केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) न बनने की शिकायत की, जिस पर जिला अग्रणी बैंक प्रतिनिधि ने संबंधित शाखा प्रबंधक से वार्ता कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया। किसान बाबूलाल दुबे ने मांग की कि मंडी में कोई भी व्यापारी न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दर पर खरीद न करे और शासनादेश का कड़ाई से पालन कराया जाए। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। किसानों में मलखान सिंह यादव, नवनीत शर्मा, केहर सिंह बुंदेला, शब्बीर खान मंसूरी, नवीन जैन, सुम्मेर सिंह, बाबूलाल दुबे, पहाड़ सिंह, कीरत बाबा, आशीष कौशिक, लक्ष्मण सिंह, सुरेंद्र कुमार, मुलायम सिंह, उर्मिला एवं आनंद देवलिया सहित कई किसान शामिल हुए।

#### पचास रुपये में बनेगी फार्मर रजिस्ट्री, अब गेहूं क्रय केंद्रों पर ही मिलेगी सुविधा

किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की है। अब जिले के सभी गेहूं क्रय केन्द्रों पर ही फार्मर रजिस्ट्री बनवाने की सुविधा उपलब्ध होगी। किसान मात्र 50 रुपये शुल्क देकर सीधे क्रय केन्द्र पर ही ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे, जिससे उन्हें अलग-अलग दफ्तरों और कॉमन सर्विस सेंटरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। गौरतलब है कि शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 से सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं बेचने के लिए फार्मर रजिस्ट्री (डिजिटल फार्मर आईडी) अनिवार्य कर दी गई है। इस व्यवस्था का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना, बिचैलियों की भूमिका समाप्त करना और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का भुगतान सीधे किसानों के खातों में सुनिश्चित करना है। साथ ही इससे किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, खाद-बीज सब्सिडी और कृषि ऋण जैसी योजनाओं का लाभ भी आसानी से मिल सकेगा। अपर जिलाधिकारी एवं जिला खरीद अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के सभी 48 गेहूं क्रय केन्द्रों पर कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) खोले जा रहे हैं। यहां किसान 50 रुपये निर्धारित शुल्क देकर फार्मर रजिस्ट्री के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा किसानों की सहायता के लिए टोल फ्री नम्बर भी जारी किया गया है, जिस पर वह जानकारी, सुझाव या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। फार्मर रजिस्ट्री के लिए किसानों को आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नम्बर और खतौनी की आवश्यकता होगी। साथ ही यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि आधार और खतौनी में नाम एक समान हो। यदि नाम में कोई त्रुटि है, तो पहले उसे संशोधित कराना होगा। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन ग्रामों में चकबंदी और सर्वे की प्रक्रिया चल रही है, वहां के किसानों को गेंहू विक्रय के लिए फार्मर रजिस्ट्री बनवाना अनिवार्य नहीं होगा। ऐसे किसान पूर्व व्यवस्था के अनुसार ही अपने उत्पाद को सरकारी क्रय केन्द्रों पर बेच सकेंगे।

#### जिले में पचास गेहूं क्रय केंद्र स्थापित, प्रभारी अधिकारियों के नाम जारी

गेहूं खरीद सत्र 2026-27 के तहत जिले में किसानों की सुविधा के लिए 50 क्रय केन्द्र स्थापित किए गए हैं। प्रशासन द्वारा इन सभी केन्द्रों पर प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है, ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके। प्रशासन द्वारा प्रभारी अधिकारियों के नामों की सूची जारी की है। इस सूची के अनुसार खाद्य विभाग के अंतर्गत विपणन शाखा रोडा में प्रभारी प्रभात वर्मा, तालबेहट मंडी में राजीव शर्मा, बानसी मंडी अमरपुर में सत्यपाल सिंह, विरधा उपमंडी में धनंजय सिंह, महरौनी मंडी में आशीष कुमार जैन, बानपुर उपमंडी में मुकेश कुमार तथा नवीन गल्ला मंडी ललितपुर में प्रभारी तैनात किए गए हैं। इसी प्रकार पीसीएफ एवं सहकारी समितियों के अंतर्गत अमरपुर मंडी में कैलाशचंद्र जैन, रोडा अमरपुर में विनय यादव, ननौरा में भरतकांत, लखनपुरा में आशीष कुमार, जखौरा में नंदकिशोर तिवारी, पुराकलां मंडी में धनीराम, बरौदा मंडी में कमल किशोर, सुनौरा में काशीराम तथा तालबेहट में संतोष कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अन्य केन्द्रों में सैदपुर में मोहन लाल, धौरिसागर में सिद्धार्थ सुदेले, गौना मदावरा में पंकज सिंह, गिरार रोड मदावरा में राहुल विदुआ, सिंदवाहा में राजेश नायक, कचनौदा कलां में भरत, टेंगरा में नंदकुमार तिवारी, खिरिया लटकनजू में भानु प्रताप सिंह, अनौरा में महेंद्र सिंह, तेरा में राजपाल सिंह तथा सिरसी में प्रदीप सुदेले को केन्द्र प्रभारी बनाया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि सभी केन्द्रों पर गेंहू खरीद पारदर्शी ढंग से की जाए और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। किसानों से अपील की गई है कि वह अपने नजदीकी क्रय केन्द्र पर पंजीकरण कराकर ही उपज विक्रय करें। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शांति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट की पहल

## संविधान की शपथ के साथ संपन्न हुआ अनोखा विवाह, समानता और न्याय का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट की पहल पर जिले में एक अनूठा और प्रेरणादायक विवाह समारोह संपन्न हुआ, जिसमें परंपरागत रस्मों के साथ संविधान की मूल भावना को केन्द्र में रखा गया। यह आयोजन ट्रस्ट द्वारा संविधान से प्रेरित शादी विवाह अभियान के तहत किया गया, जो समाज में समानता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों को बढ़ावा देने का प्रयास है। मड़ावरा ब्लॉक के ग्राम धवा स्थित लहरधाम में आयोजित इस समारोह में ग्राम बिरधा निवासी सौरभ साहू और ग्राम सौंरई की नेहा साहू का विवाह पूर्ण रूप से संवैधानिक विधि से सम्पन्न कराया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम के साथ हुई और समापन राष्ट्रगान जन गण मन के साथ किया गया। लगभग 45 से 60 मिनट तक चले इस आयोजन में सभी प्रमुख रस्में मंच पर सम्पन्न हुईं। समारोह का मुख्य आकर्षण संविधान की उद्देशिका के समक्ष वर-वधू द्वारा शपथ ग्रहण रहा, जिसे ट्रस्ट प्रतिनिधि डा.के.एस. यादव ने संपन्न कराया। दोनों ने वैवाहिक जीवन में एक-दूसरे के प्रति सम्मान, समानता और सहयोग का संकल्प लिया। इसके साथ ही संविधान की प्रतिकृति के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर मौन नमन किया गया तथा उसकी परिक्रमा, हस्ताक्षर और आधिकारिक विवाह प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जयमाला विनिमय, मंगलसूत्र बंधन, सिंदूर दान और कंगन जैसी पारंपरिक



रस्मों का भी प्रतीकात्मक रूप से निर्वहन किया गया। वर-वधू ने अपने माता-पिता का चरण स्पर्श कर सम्मान व्यक्त किया और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किए। इस अवसर पर वधू सशक्तिकरण का संदेश देते हुए कहा गया कि बेटी विवाह के बाद भी अपने माता-पिता की बेटी बनी रहती है। ट्रस्ट के संस्थापक खुशाल चन्द्र साहू ने नवदंपति को संविधान की प्रतिकृति भेंट की। कार्यक्रम में ग्राम सौंरई के प्रधान भगवान दास रजक एवं बिरधा की ग्राम प्रधान अनीता साहू सहित दोनों पक्षों के परिजन, गवाह और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में सभी ने नवदंपति को आशीर्वाद दिया और पुष्प वर्षा कर राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन किया। ट्रस्ट द्वारा यह इस प्रकार का एक वर्ष में दूसरा आयोजन है, इससे पूर्व 23 सितंबर 2025 को भी एक विवाह इसी अवधारणा के तहत सम्पन्न कराया गया था।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर मंदिरों में जलाभिषेक किया गया भजन संध्या, रुद्राभिषेक, महाआरती कार्यक्रम किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सोमनाथ मन्दिर पर हुए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष एवं मन्दिर के पुनरुद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष कार्यक्रम का आयोजन सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के सहयोग से जन भागीदारी के साथ कराये जाने का निर्णय के अन्तर्गत सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का स्मरणोत्सव मुख्यत 2 स्तम्भों (आयोजन व यात्रा) के माध्यम से परिकल्पित किए जाने का निर्णय भारत सरकार द्वारा लिया गया है।

प्रथम स्तम्भ के अन्तर्गत जिले, ब्लॉक और तहसील स्तर पर शिवालयों में भजन संध्या, रूद्राभिषेक, महाआरती, प्रवचन, दीपोत्सव आदि के क्रम में सीतापाठ मंदिर ललितपुर, नीलकंठेश्वर मंदिर पाली, झूमरनाथ मंदिर पारौन, शिवमंदिर वन विभाग मडावरा में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सीतापाठ मंदिर ललितपुर पर आयोजित कार्यक्रम में नपाध्यक्ष सोनाली जैन, पर्यटक अधिकारी हेमलता, पर्यटन मित्र फिरोज इकबाल





डायमंड, कपिल नामदेव एवं भक्तगण आदि उपस्थित रहे। नीलकंठेश्वर मंदिर पाली में आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष तिवारी, सुनील नामदेव पार्षद, सुरेन्द्र राय पार्षद, घनश्याम चैरसिया पार्षद, उमाशंकर त्यागी पार्षद प्रतिनिधि, देवकी नन्दन चैरसिया, ब्रजेश राजपूत मंडल, अभिलाषा राय, अमित पाण्डेय पत्रकार, जगदीश राय पत्रकार, राघवेन्द्र विश्वकर्मा पत्रकार, आशीष चैरसिया सुहानी, शैलेन्द्र दीक्षित, गोलू चैरसिया, राजू परिहार, शैलेन्द्र दीक्षित, गोलू चैरसिया, राजू परिहार, रामनरेश, महेन्द्र, लखन पाल, पुष्पेन्द्र ठाकुर, रामू चैरसिया, पन्नालाल चैरसिया, अशोक चैरसिया एवं अन्य स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। झूमरनाथ मंदिर पारौन पर आयोजित कार्यक्रम में महन्तजी चन्द्रशेखर दासजी, हर्षवर्धन पाठक, जानकी प्रसाद, भान सिंह, रतन लाल, दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे। शिवमंदिर वन विभाग पर आयोजित कार्यक्रम में मनोज श्रीवास्तव तहसीलदार मडावरा, अशोक कुमार यादव रेन्जर मडावरा, रूद्धप्रताप लेखपाल सहित वन विभाग एवं तहसील के कर्मचारी एवं अन्य स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

## स्मार्ट मीटर से गलत बिलिंग का आरोप, डीएम से शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में स्मार्ट मीटर के माध्यम से गलत विद्युत बिल जारी किए जाने से परेशान उपभोक्ताओं ने जिलाधिकारी से शिकायत कर समस्या के समाधान की मांग की है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटरों से अत्यधिक बिलिंग की जा रही है, जिससे आम जनता को आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

शिकायत में बताया गया कि स्मार्ट मीटर लगाते समय विभागीय कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं को भरोसा दिलाया था कि उन्हें केवल उपयोग की गई बिजली के अनुसार ही बिल देना होगा और किसी प्रकार की त्रुटि नहीं होगी। लेकिन वर्तमान में कई उपभोक्ताओं को बढ़ा-चढ़ाकर बिल भेजे जा रहे हैं, जिनकी जानकारी उन्हें बिजली सप्लाई कटने के बाद होती है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गलत बिल के बावजूद उनसे अग्रिम धनराशि जमा कराई जा रही है और पूरा भुगतान होने के बाद ही बिजली आपूर्ति बहाल की जाती है। इस कारण लोग रोजाना विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, जबकि कर्मचारियों द्वारा समस्या को टालने का आरोप भी लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं ने जिलाधिकारी से मांग की है कि गलत बिलिंग के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा समस्या का जल्द समाधान कराया जाए। साथ ही यह भी मांग की गई है ।

### चलती ट्रॉली से अनाज की चोरी, मुकदमा दर्ज

**ललितपुर**। कोतवाली क्षेत्र में चलती ट्रैक्टर-ट्रॉली से अनाज चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना बानपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी प्रताप 15 अप्रैल को अपने गांव से ट्रैक्टर-ट्रॉली में अनाज लेकर मंडी ललितपुर जा रहा था। इसी दौरान मसौराकलां के पास रात करीब 3 बजे अज्ञात चोरों ने पीछे से ट्रॉली पर चढ़कर रस्सी काट दी और चार बोरी अनाज चोरी कर लिया। बताया गया कि एक बोरी सड़क पर गिरकर फट गई, जिससे पीछे आ रहे दूसरे ट्रैक्टर चालक को शक हुआ और उसने प्रताप को फोन कर सूचना दी। इसके बाद पीड़ित को घटना की जानकारी हुई। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## पेन, ब्रश से शब्दों को सजाकर लिखना सिखाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



सिद्धन रोड स्थित कला भवन में 5 अप्रैल से निशुल्क कला साधना शिविर में प्रथम चरण में कैलीग्राफी का हिन्दी, अंग्रेजी में लिखने का अभ्यास कराया गया, इसमें पेन, ब्रश द्वारा संतुलित तरीके से शब्दों को सजाकर लिखने की विधा है। बच्चों को सुलेख में ट्रैफटन, बुलियन, रोमन रनिंग लिपि में लिखने का अभ्यास कराया गया।

चित्रकार एवं शिविर आयोजक ओमप्रकाश बिरथरे ने बताया कि दूसरे चरण में वारली पेन्टिंग के बारे में बच्चों को बताया गया। वारली पेन्टिंग महाराष्ट्र की सबसे पुरानी जनजातीय लोक कलाओं में से एक है, जो वारली समुदाय द्वारा बनायी जाती हैं। यह कला लगभग 2500 ईसा पूर्व पुरानी है। इसमें सफेद रंग तथा मिट्टी की रंगों से दीवालों पर ज्यामितीय आकृतियों जैसे रेखा, वृत्त, त्रिभुज, वर्ग के माध्यम से दैनिक जीवन, प्रकृति और परम्पराओं को दर्शाया जाता है। बिरथरे ने बताया कि यह पारम्परिक कला आज भी महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कला शिविर में बच्चों को टैंन्ट तथा चेयरविधि द्वारा ह्यूमन फिगर बनाने का अभ्यास कराया गया तथा जनजातीय लोक कला में प्रकृति, पशु, जीव-जन्तु और दैनिक क्रियाओं का कैसे चित्रण किया जाता है, एक अभ्यास कराया गया। कलासाधकों ने वार्ली पेन्टिंग पर सुन्दर चित्र बनायें तथा उनकी संस्कृति समझा।

## नजूल भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत कर उर्स कमेटी पर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



सरकारी नजूल भूमि पर कथित अवैध कब्जे को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत की गई है। नई बस्ती निवासी बृजेन्द्र सिंह गौर ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कमेटी पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाया है।

शिकायत में बताया गया है कि नगर पालिका परिषद ललितपुर की सीमा के अंतर्गत आराजी संख्या 514, 515, 516, 517 एवं 518 स्थित भूमि पर कमेटी द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया है। आरोप है कि आराजी संख्या 514 के लगभग आधा एकड़ हिस्से को बाउंड्रीवाल बनाकर घेर लिया गया है, जो कि सरकारी नजूल भूमि है। उन्होंने ने यह भी उल्लेख किया है कि शासन स्तर से नजूल भूमि को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश जारी हैं, इसके बावजूद संबंधित भूमि पर कब्जा बना हुआ है। बृजेन्द्र सिंह गौर ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उक्त भूमि की पैमाइश कराकर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए और अवैध कब्जे को हटाकर जमीन को सरकारी अभिलेखों के अनुसार कब्जा मुक्त कराया जाए।

### संवाद कार्यक्रम आयोजित कर डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं-छात्राओं को जागरुक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने छात्राओं एवं महिलाओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सुरक्षा, स्वावलंबन एवं हेल्पलाइन सेवाओं के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में स्पोर्ट्स एवं मेडिकल कॉलेज की छात्राओं सहित विभिन्न संगठनों से जुड़ी महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपनी समस्याएं, सुझाव एवं अनुभव साझा किए। अधिकारियों ने सभी बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान साइबर फ्रॉड, बाल विवाह, महिला सुरक्षा एवं सम्मान जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक या ऑनलाइन लेन-देन के



प्रति सतर्क रहना बेहद जरूरी है। साथ ही बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूक रहकर समय पर सूचना देना समाज की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों 1090 (वीमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) एवं 1930 (साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन) के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उनके उपयोग की प्रक्रिया समझाई गई। अधिकारियों ने महिलाओं एवं छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में निसंकोच पुलिस व प्रशासन से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित, सशक्त एवं जागरूक बनाना है, ताकि वह आत्मविश्वास के साथ समाज में आगे बढ़ सकें।

### ग्वालियर और भिंड जैसे बड़े जिले बने फिसड्डी, 80 फीसदी भी नहीं हो पाई लक्ष्य पूर्ति

# एचपीवी वैक्सीन लगाने में मुरैना अव्वल, श्योपुर संभाग में दूसरे नंबर पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

किशोरी बालिकाओ को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाने के लिए शुरू हुआ एचपीवी टीकाकरण अभियान में पडोसी जिला मुरैना पूरे ग्वालियर चंबल संभाग में नंबर बन गया है। जबकि श्योपुर जिला संभाग में दूसरे नंबर पर है। भलेही ग्वालियर और भिण्ड जिला श्योपुर से बडे जिले है,लेकिन इसके बाद भी ये दोनो जिले संभाग में फिसड्डी बने हुए है। क्योंकि इन जिलो में एचपीवी टीकाकरण का लक्ष्य 80 फीसदी भी नहीं हो सका है। श्योपुर जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी टीकाकरण की स्थिति को लेकर उत्साहित बने है और दावा कर रहे है कि श्योपुर जिले में 84 फीसदी से अधिक टीकाकरण हो चुका है और टीकाकरण के शेष बने लक्ष्य को भी अगले महिने में पूरा कर लिया जाएगा।

दरअसल यह टीकाकरण अभियान देशव्यापी अभियान है। जिसका शुभारंभ 28 फरवरी को हुआ था और इस अभियान के तहत चिन्हित किशोरी बालिकाओ का 100 प्रतिशत टीकाकरण मई 2026 तक पूरा करना है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ मुकेश मीणा ने बताया कि इस अभियान के तहत श्योपुर जिले में 8206 किशोरी बालिकाओ को टीके लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। टीकाकरण करने के लिए अलग अलग टीमे निर्धारित कर दी है,जो अपने अपने क्षेत्र में टीकाकरण कर रही है। श्योपुर जिले में अभी तक 6924 किशोरी बालिकाओ को टीके लगाए जा चुके है और जिले में टीकाकरण का टारगेट 84.38 प्रतिशत हो चुका है। जिसके चलते श्योपुर जिले को टीकाकरण की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग के दौरान 20 वां स्थान मिला है। जबकि ग्वालियर चंबल संभाग में दूसरा स्थान हांसिल हुआ है।



### मुरैना में 100 प्रतिशत हुआ टीकाकरण

इस टीकाकरण अभियान के दौरान संभाग के मुरैना जिले की कार्रवाई श्योपुर जिले से काफी बेहतर है। जिसके चलते मुरैना जिले में 100 प्रतिशत टीकाकरण हो चुका है। बताया गया है कि मुरैना जिले में 23580 किशोरी बालिकाओ को टीके लगाए जाने का लक्ष्य था और मुरैना के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने 100 प्रतिशत टीकाकरण करते हुए जहां संभाग में पहला स्थान हांसिल किया है। जबकि प्रदेशभर में 100 फीसदी टीकारण होने के चलते दूसरा स्थान मिला है। प्रदेश में पहले स्थान पर डिंडोरी जिला है।

### संभाग में दतिया तीसरे तो गुना चौथे पायदान पर

बताया गया है कि टीकाकरण की संभागीय रैकिंग के दौरान जहां पहले नंबर पर मुरैना और दूसरे नंबर पर श्योपुर जिला है। वहीं तीसरे नंबर पर दतिया और चौथे नंबर पर गुना जिले का नंबर है। पांचवे नंबर पर शिवपुरी और छटवे स्थान पर अशोकनगर का नाम है। जबकि भिंड और ग्वालियर सबसे निचले पायदान पर है।

### ग्वालियर चंबल संभाग में टीकाकरण की स्थिति

| क्र | जिला | लक्ष्य | पूर्ति | प्रतिशत | प्रदेश में स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मुरैना | 23580 | 23580 | 100 | दूसरा |
| 02 | श्योपुर | 8206 | 6924 | 84.38 | 20 वां |
| 03 | दतिया | 7014 | 5708 | 81.38 | 28 वां |
| 04 | गुना | 13678 | 10945 | 80.02 | 30 वां |
| 05 | शिवपुरी | 20800 | 16440 | 79.04 | 33 वां |
| 06 | अशोकनगर | 9486 | 7446 | 78.49 | 35 वां |
| 07 | ग्वालियर | 22494 | 17504 | 77.82 | 36 वां |
| 08 | भिण्ड | 18177 | 11756 | 64.68 | 45 वां |

### इनका कहना..

श्योपुर जिले में 84.38 फीसदी एचपीवी टीकाकरण हो चुका है। जिसके चलते श्योपुर जिले को संभाग में दूसरा और प्रदेश में 20 वां स्थान मिला है। शेष बचे टीकाकरण के लक्ष्य को भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए हमारी टीमे लगी हुई है।

डॉ मुकेश मीणा
जिला टीकाकरण अधिकारी,श्योपुर

### कलेक्टर ने किया अवलोकन, पूर्व में स्थापित रिचार्ज शाफ्ट का कार्य भी देखा

# चौंडपुर तालाब गहरीकरण से बढेगी 20 हजार घन मीटर पानी की क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा ने शुक्रवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम चौंडपुर में तालाब गहरीकरण तथा सौन्दर्यकरण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने तालाब के एक छोर पर पिछले अभियान के तहत बनाये गये रिचार्ज शाफ्ट के कार्य को भी देखा तथा जिले में अन्य स्थानों पर संचालित रिचार्ज शाफ्ट कार्य के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत विक्रम जाट सहित अन्य अधिकारी एवं जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र मीणा, ग्राम सरपंच आदि मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि चौंडपुर में तालाब का गहरीकरण का कार्य कराया जा रहा है, जिससे 20 हजार घन मीटर पानी की क्षमता और बढेगी। तालाब के एक छोर पर 1 लाख 75 हजार की लागत से गत अभियान के तहत रिचार्ज शाफ्ट का कार्य भी कराया गया है, यह रिचार्ज शाफ्ट जल स्तर को तेजी से बढाने में कारगर साबित हुए है।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने निर्देश दिये कि तालाब गहरीकरण के साथ ही सौन्दर्यकरण का कार्य किया जायें और तालाब की पाल पर पौधरोपण कराया जायें। तालाब पर स्थित घाट को रंग-रोगन कर आकर्षक बनाया जायें। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाबों के जीर्णोद्धार कार्यो के दौरान तालाबों का सौन्दर्यकरण करते हुए उन्हें ग्रामीण पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायें। इस दौरान उन्होंने ग्राम चौंडपुर स्थित प्राचीन बावडी का अवलोकन कर जल गंगा संवर्धन अभियान हेतु जीर्णोद्धार कराये जाने के निर्देश भी दिये।





### कलेक्टर ने किया बावडियों का निरीक्षण, संरक्षण के निर्देश

कलेक्टर शीला दाहिमा ने शुक्रवार को ग्राम रायपुरा एवं बर्धाबुजुर्ग की प्राचीन बावडियों का अवलोकन किया तथा एतिहासिक महत्व की इन बावडियों सहित जिले की अन्य बावडियों के संरक्षण के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने बावडियों के अवलोकन के दौरान कहा कि प्राचीन जल संरचनाओं का संरक्षण अभियान के तहत किया जाये और बावडियों की साफ-सफाई कर उन्हें आकर्षक और उपयोगी बनाने का कार्य मनरेगा योजना के तहत किया जायें।

# मुख्यमंत्री अनुरोध यात्रा में शामिल होने श्योपुर के शिक्षक भोपाल रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सरकारी शिक्षकों को टेट परीक्षा पास करने की अनिवार्यता के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत शनिवार को भोपाल में आयोजित होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने के लिए श्योपुर जिले से 1000 शिक्षक विभिन्न बसों के माध्यम से भगवान गणपति को ढोक लगाकर शुक्रवार की रात रवाना हो गए। यह जानकारी अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने प्रेस नोट जारी कर दी।

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश के प्रांतीय आव्हान पर 18 अप्रैल 2026 को नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना एवं टेट परीक्षा के विरोध में समय सुबह 11:00 से भेल दशहरा मैदान में मध्य प्रदेश के सभी जिलों से शिक्षक उपस्थित होंगे उसी क्रम में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला श्योपुर के हैवी मशीनरी टीन शेड बायपास रोड़ पर एकत्रित हुए एक हजार से अधिक शिक्षक श्योपुर जिले की विजयपुर कराहल बड़ोदा बीरपुर से हजारों की संख्या में शिक्षक साथी भोपाल के भेल दशहरा मैदान में रवाना हो गए। टेट परीक्षा निरस्तीकरण एवं नियुक्ति दिनांक सेवा अवधि की गणना कराने के लिए प्रदर्शन में शामिल होंगे। रामचरित रावत पदमसिंह दिनेश साहू मीणा मीनू सिंह चौधरी मुकेश सिंह कुशवाहा आजाद मोहम्मद जगदीश शर्माधर्मेंद्र सिंह जाट रावेंद्रसिंह तोमर अजय कंसल धर्मेंद्र शर्मा लखन गर्ग पी. डी.राजपूत भूपेंद्र तिवारी रामदयाल राव रामकरण नागर जगदीश जाट शैलेन्द्र श्रीवास्तव अनंतराम मीणा महेंद्र मुदगल बीरसिंह बिसारिया आदि शिक्षक नेता श्योपुर शिक्षकों का नेतृत्व करते दिखाई दिए



### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका पद की अनंतिम सूची जारी

श्योपुर। महिला बाल विकास परियोजना श्योपुर ग्रामीण-2 में रिक्त आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के पदो के संबंध में अनंतिम सूची जारी की गई है। एसडीएम श्योपुर श्री गगन सिंह मीणा की अध्यक्षता में खण्ड स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनपद अध्यक्ष रीना आशीष मीणा, अध्यक्ष स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति के सभापति नरेश टैगोर एवं परियोजना अधिकारी श्योपुर ग्रामीण-2 पवनजीत सिंह अरोरा आदि सदस्य उपस्थित रहें। चयन समिति द्वारा अनुमोदित अनंतिम सूची जारी की गई है। अनंतिम सूची के अनुसार आदिवासी बस्ती मकडावदा में सुनीता बैरवा को आंगनबाडी कार्यकर्ता पद पर अनंतिम रूप से चयन किया गया है। इसी प्रकार आदिवासी बस्ती वेहडावद में कृष्णा मीणा को आंगनबाडी सहायिका के पद पर अनंतिम रूप से चयन किया गया है। उक्त अनंतिम सूची पर किसी आवेदिका को अपनी आपत्ति दर्ज कराना चाहते है तो एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल के माध्यम से सात दिवस में ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

# बच्चों की बात पर देवर ने विधवा भाभी को पीटा,एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मानपुर थाना क्षेत्र के गांव सियापुर में शुक्रवार को बच्चो की बात को लेकर देवर भाभी के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि देवर ने विधवा भाभी की गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। जिससे विधवा भाभी घायल हो गई। पुलिस ने देवर के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

मानपुर थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम सियापुर निवासी पिंकी मीणा पत्नी स्वर्गीय सुल्तान मीणा ने शुक्रवार को घायल अवस्था में मानपुर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि बच्चो के पाउच खाने का विरोध किया तो देवर रामजीत ने गाली गलौच करते हुए विवाद किया और कलुचा मारकर सिर फोड दिया। मानपुर थाना पुलिस ने देवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# पटवारी से गाली गलौच और अभद्रता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वीरपुर तहसील के बडागांव और श्यारदा हल्के में पदस्थ पटवारी संजय कुमार पाठक ने तहसीलदार वीरपुर को एक आवेदन सौंपकर शिकायत दर्ज कराई कि हारकुई गांव के लवकुश नामक व्यक्ति के द्वारा तुरंत जन्मप्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर न करने संबंधी बात को लेकर न केवल शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया,बल्कि गाली गलौच करते हुए एससीएसटी एक्ट में फंसा देने की धमकी तक दी गई है।

पटवारी ने शिकायत में बताया कि जन्म प्रमाण पत्र पर जांच पडताल के बाद ही हस्ताक्षर किए जाने का नियम है, लेकिन उसने तत्काल ही हस्ताक्षर करने के लिए गाली गलौच करते हुए शासकीय दस्तावेजो को भी छीनकर फाडने का प्रयास कर डाला। तहसीलदार ने पटवारी के उक्त आवेदन को जांच उपरांत कार्रवाई के लिए वीरपुर थाने भेज दिया है।

### बोर्ड परीक्षाओं में जिले का गौरव बढ़ाने वाली प्रतिभाओं का सम्मान

# यह सफलता की शुरूआत, इसे बरकरार रखें: शीला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

यह सफलता की शुरूआत है। इसे आगे भी बरकरार रखें तथा अपनी रूचि अनुसार विषयों का चयन कर कैरियर बनायें। अनुशासन का कोई विकल्प नही है और अनुशासन से ही हम अपना लक्ष्य केन्द्रित कर मंजिल पा सकते है। शुक्रवार को यह बात कलेक्टर शीला दाहिमा ने कक्षा 10 एवं 12वी की बोर्ड परीक्षा की राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय मैरिट सूची में आने वाले मेधावी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित इस प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, डीईओ यश जैन, बीईओ मधु शर्मा सहित अन्य शिक्षक तथा विद्यार्थियों के परिजन उपस्थित थे। इस अवसर पर बच्चों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र तथा कलम, डायरी भेंटकर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पढाई के दौरान अपने सक्सेसफुल को बनाये रखें। सक्सेस को अपने ऊपर हावी न होने दें, लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढें तथा अपनी रूचि के अनुसार कैरियर का चयन करें। उन्होने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बच्चों के मार्गदर्शन के लिए विषय चयन हेतु कैरियर काउंसलिंग आयोजित की जायें। उन्होने कहा कि हमारे जिले के बच्चों ने साबित किया है कि वे किसी से कम नही है। अपने परिवार का मान बढ़ाने वाले इन बच्चों ने जिलें का गौरव बढ़ाते हुए हमे गौरान्वित किया है। जिसके लिए सभी बधाई के पात्र है। जिपं सीईओ सौम्या आनंद ने कहा कि पढाई के दौरान अपने आप को अपडेट रखे तथा आगे कम्पटीशन एग्जाम के लिए पूर्ण तैयारी कर सफलता प्राप्त करें। डीईओ यश जैन ने बताया कि श्योपुर जिले में 12वी बोर्ड का परीक्षा परिणाम 80.06 प्रतिशत तथा 10वी बोर्ड का परीक्षा परिणाम 71.37 प्रतिशत रहा है। उन्होंने बताया कि ग्वालियर चंबल संभाग में श्योपुर जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा 12 वीं में शासकीय विद्यालयों के परीक्षा परिणाम, संपूर्ण ग्वालियर चम्बल संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार 10वीं बोर्ड में जिला द्वितीय स्थान प्राप्त रहा।

इस अवसर पर हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा की राज्य स्तरीय मेरिट सूची में 9वां स्थान प्राप्त करने वाले शासकीय मॉडल उमावि विजयपुर के छात्र अमित कुशवाह तथा 12वी बोर्ड परीक्षा की राज्य स्तरीय मेरिट सूची में 10वां स्थान प्राप्त करने वाले शासकीय अंबिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयपुर की छात्रा संजना धाकड़ सहित हाईस्कूल परीक्षा की जिला स्तरीय मैरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए तन्वी सप्रा एवं कार्तिक बंसल, द्वितीय स्थान के लिए पूनम नागर, यशस्वी महाजन, विष्णु रावत एवं खुशी रावत, तृतीय स्थान के लिए प्रियंका शर्मा, हर्षा पलिया, भारती मंगल एवं सौरभ राठौर तथा हायर सैकेण्डरी परीक्षा की संकाय वार जिला स्तरीय मेरिट सूची में कला समूह से प्रथम स्थान के लिए श्रीति बंसल, द्वितीय स्थान के लिए मोहिनी जादौन, विज्ञान समूह में प्रथम स्थान के लिए कुशाग्र मित्तल, द्वितीय स्थान के लिए रिषभ बंसल, गणित समूह में तृतीय स्थान के लिए विनायक गोयल एवं तानिया मंगल, वाणिज्य समूह में प्रथम स्थान के लिए तनीशा जाट, द्वितीय स्थान के लिए जाग्रती मंगल तथा कृषि समूह में प्रथम स्थान के लिए कृष्णा राठोर एवं ज्योति माली को सम्मानित किया

### ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से पांच महिलाओं की मौत से फिर उजागर हुई जिम्मेदारों की अनदेखी

# अनदेखी: जिले की सड़कों पर जारी है मौत का सफर, ट्रैक्टर-ट्रॉली में ले जाई जा रही सवारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर थाना क्षेत्र में बीती रात को एक ट्रैक्टर ट्रॉली उस समय पलट गई, जब ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार ग्रामीण भात मांगने जा रहे थे। इस दर्दनाक हादसे में पांच महिलाओ की मौत हो गई। चार महिलाओ की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक महिला की रेफर किए जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गई। जबकि दो दर्जन से ज्यादा ग्रामीण घायल हो गए। ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से हुआ यह हादसा जिले का कोई पहला हादसा नहीं है, हर साल अक्षय तृतीया के साहगल के दौरान जिले की सडकों पर इस तरह के हादसे घटित होते है। जिनमें सवार कई लोग हादसे में जान गंवा चुके है। इसके बाद भी जिम्मेदार इस तरह के हादसो को रोकने के लिए गंभीरता नहीं दिखा रहे है। जिम्मेदारों की यही अनदेखी इस तरह के हादसों को बढा रही है। विशेष बात यह है कि ट्रैक्टर ट्रॉली सवारी वाहन नहीं है, लेकिन इसके बाद भी ग्रामीण क्षेत्र में शादियों, धार्मिक आयोजन या फिर मजदूरों को ले जाना हो। इन सबक के लिए ट्रैक्टर व ट्रॉली का उपयोग हो रहा है। बावजूद इसको रोकने कोई भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहा। ट्रैक्टर-ट्रॉली से होने वाले हादसों का बड़ा कारण अप्रशिक्षित चालक भी है। यातायात व परिवहन के नियमों का सबसे ज्यादा उल्लंघन ट्रैक्टर-ट्रॉली संचालन के दौरान ही देखा जाता है।

वैसे तो ट्रैक्टर-ट्रॉली का उपयोग मूल रूप से कृषि कार्यों के लिए होता है और यह कृषि कार्य के लिए ही अधिकृत है, लेकिन वर्तमान में ट्रैक्टर-ट्राली का उपयोग शादियों व धार्मिक आयोजन सहित मजदूरों को खेत तक ढोने में किया जा रहा है। इससे आए दिन हादसे होते है। यही नहीं ट्रैक्टर-ट्रॉली में ओवरलोड सामान भरने से भी अनगनित हादसे हो चुके है। कई बार तो जिम्मेदारों की नजरों के सामने ट्रॉली में आवरलोड सामग्री लेकर ट्रैक्टर निकल जाते है, लेकिन जिम्मेदार सिर्फ दो व चार पहिया वाहनों को चालान बनाने में व्यस्त रहते है।



### सवारियां बैठाने नहीं बने ट्रैक्टर

जानकार बताते है कि ट्रैक्टर कृषि कार्य के लिए अधिकृत है। इसका उपयोग भारी-भरकम सामान ढोने में ज्यादा किया जाता है, क्योंकि ट्रैक्टर-ट्राली की संरचना ही ऐसी है कि वह सवारी बैठकर यात्रा के लिए सुरक्षित नहीं है। ट्रैक्टर का उपयोग सिर्फ खेत व खेत के अलावा खदानों में बडे-बड़े पत्थर ढोने में होता है। इसे गड्ढों व गहरी खाई में आसानी से चला सकते है, लेकिन समतल जगह तथा रोड पर ट्रैक्टर के पहिए ज्यादा उछलते है। इसलिए ट्रैक्टर से अधिकांश दुर्घटनाएं रोड पर होती है।

### कुछ हादसे एक नजर में

मई 2024 को ढोढर थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर ट्रॉली सूखी पडी चंबल नहर में गिर गई। जिससे 4 लोगों की मौत हो गई। जबकि 7 लोग घायल हो गए। ये सभी लोग मुंडन कार्यक्रम में जा रहे थे।

फरवरी 2024 को रघुनाथपुर थाना क्षेत्र में गोरस श्यामपुर हाइवे पर इकडोरी मोड के पास सांड गांव में आयोजित भागवत कथा के भंडारे की प्रसादी खाकर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। जिसमें चार लोगो की मौत हो गई। जबकि दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।

मार्च 2024 में वीरपुर थाना क्षेत्र में रेत से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक सवार लोगों को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार चाचा भतीजे की मौत हो गई। हादसे गुस्साए लोगों ने ट्रैक्टर ट्रॉली में आग लगाने के बाद जाम भी लगा दिया था।

मई 2017 में कराहल थाना क्षेत्र में श्योपुर शिवपुरी हाइवे पर बारातियों से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई। जबकि डेढ दर्जन से ज्यादा बाराती घायल हो गए थे।

### अप्रशिक्षित ड्राइवर चला रहे ट्रैक्टर

ग्रामीण इलाकों सहित सड़क पर सरपट दौड़ाने वाले अधिकांश ट्रैक्टर ड्राइवर अप्रशिक्षित है। इसलिए हर समय यातायात व परिवहन नियमों का उल्लंघन करते है। बिना किसी योजना के रोड पर ट्रैक्टर दौड़ाना जोखिम भरा है, लेकिन इन पर कार्रवाई नहीं होती। यही कारण है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली से होने वाले हादसों में गिरावट नहीं होने का नाम नहीं ले रही।

### इनका कहना...

शहरी क्षेत्र में यदि कोई ट्रैक्टर-ट्रॉली में यात्रियों को बैठकर सफर करेगा, तो उन पर निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी। चैकिंग के दौरान नियम विरूद्ध संचालित मिलने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

प्रवीण कुमार भूरिया
एएसपी,श्योपुर

# सलापुरा को पीएमएएजीवाय योजना में शामिल किया जाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर से सटे सलापुरा में व्याप्त मूलभूत समस्याओ को लेकर नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा संजय मंगल ने शुक्रवार को एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौपते हुए ग्राम पंचायत कलारना के अधीन आने वाले सलापुरा को पीएमएएजीवाय ( प्रधानमंत्री आदिवासी आदर्श ग्राम योजना) योजना में शामिल करवाए जाने की मांग की।

एसडीएम को नगर मंडल अध्यक्ष मंगल ने अवगत कराया कि सलापुरा शहर के बिल्कुल नजदीक आ गया है,जहां बडी संख्या में लोग निवास करते है। मगर सलापुरा में बिजली,पानी और सडक जैसी कई मूलभूत समस्याए व्याप्त बनी हुई है। जिसकारण सलापुरावासियों को जिला मुख्यालय नजदीक होने के बाद भी कई परेशानियों से दो चार होना पड रहा है। मंगल ने पत्र में उल्लेख किया है कि जब तक सलापुरा नगर पालिका क्षेत्र में शामिल न हो जाए,तब तक सलापुरा को पीएमएएजीवाय योजना या फिर श्यामाप्रसाद मुखर्जी सर्बन मिशन में शामिल कराया जाकर यहां मूलभूत सुविधाओ का विस्तार करवाया जाए। ताकि सलापुरवासियों की परेशानी मिट सके। इस दौरान नगर उपाध्यक्ष महेंद्र दोहरे, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजबहादुर सिंह मारु, रोहित बंसल, दिनेश तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# युवक से मारपीट तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के शिवपुरी रोड क्षेत्र में बीती रात को एक युवक की नामजद आरोपियों ने एक राय होकर मारपीट कर दी। जिससे वह चोटिल हो गया। पुलिस ने एक नामजद और दो अज्ञात समेत तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि दुर्गेश पुत्र रामहेत सुमन निवासी इच्छापुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गुरूवार की रात को शिवपुरी रोड मोनू कुशवाह तथा उसे दो अन्य साथी किसी व्यक्ति से गाली गलौच कर रहे थे, तभी मैने गालिया देने से मना किया तो तीनों ने मिलकर मेरी लातघूसो से मारपीट कर दी। जिससे वह चोटिल हो गया। कोतवाली थाना पुलिस ने दुर्गेश की रिपोर्ट पर मोनू कुशवाह तथा उसके दो साथियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### इमलीपुरा में पति-पत्नी एक ही फंदे पर लटके मिले

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत एक पति पत्नि ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली, उन्होंने साड़ी से फांसी लगाई। मृतकों में भूपेन्द्र आदिवासी उम्र 25 साल और मिश्री बाई आदिवासी उम्र 23 साल शामिल है। मृतक कदवाया थाने के अंतर्गत इमलीपुरा गांव के रहने वाले थे। उन्होंने अपने घर में ही फांसी लगाई। घटना की जानकारी तब सामने आई जब भूपेन्द्र की मां ने घर का दरवाजा देखा और कोई आवाज नहीं आई तब अन्दर जाकर देखा तो दोनो के शव फांसी के फंदे पर लटके हुए थे, दोनों पति पत्नि मजदूरी करते थे, भूपेन्द्र के शराब पीने के कारण उनमें आपस में आए दिन विवाद होता रहता था। घटना की सूचना मिलते ही कदवाया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां उनका पोस्टमार्टम किया गया है।

### 1 घंटे में 2 अपहृत नाबालिग बालिकाएं दस्तयाब

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना देहात ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मात्र 1 घंटे में 2 नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 15 अप्रेल को थाना देहात अंतर्गत फरियादी द्वारा अपनी 14 वर्षीय नाबालिग बालिका के अपहृत होने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर थाना देहात में अपराध क्रमांक 215/26 धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसी दिन एक अन्य फरियादी द्वारा अपनी 12 वर्षीय नाबालिग बालिका के अपहृत होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर अपराध क्रमांक 216/26 धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रभारी देहात को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा द्वारा टीम गठित कर संभावित स्थानों पर तलाश प्रारंभ की गई। टीम द्वारा त्वरित एवं प्रभावी प्रयासों के परिणामस्वरूप दोनों अपहृत नाबालिग बालिकाओं को महज 01 घण्टे के अंदर सकुशल दस्तयाब किया गया।

### पानी के उपयोग और निकासी पर चर्चा की गई

**अशोकनगर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग द्वारा विकासखण्ड ईसागढ में सूक्ष्म सिंचाई पर कार्यशाला/पानी चैपाल का आयोजन किया गया। कार्यशाला में किसानों को जल के उपयोग एवं जल का उचित प्रबंधन के बारे में प्रभारी वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारियों द्वारा सूक्ष्म सिंचाई में ड्रिप लाइन व स्प्रिंकलर सिंचाई से होने वाले लाभ व उद्देश्य के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों द्वारा कृषक बधुंओं से अपील की गई कि विभाग में पंजीयन करा कर योजनाओं का लाभले सकते है। प्रभारी अधिकारियों के द्वारा विभाग में संचालित फल, सब्जी, पुष्प, मसाला क्षेत्र विस्तार योजना, बागवानी यंत्रीकरण, संरक्षित खेती में पॉली हाउस, शेडनेट हाउस, पर ड्राप मोर क्राप विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

### साइबर सुरक्षा को लेकर संगोष्ठी में विस्तार से चर्चा की गई

**अशोकनगर।** शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नारी शक्ति वंदन पखवाडा कार्यक्रम के अन्तर्गत साइबर सुरक्षा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता पुलिस विभाग के साइबर सेल के सहायक उप निरीक्षक मंजीत त्रिवेदी एवं विशेष अतिथि आरक्षक प्रशांत भदौरिया थे। मुख्य वक्ता मंजीत त्रिवेदी ने अपने उद्बोधन में वर्तमान समय में साइबर सुरक्षा की आवश्यकता एवं बचाव पर जोर देते हुये कहा, ऑनलाइन संव्यवहार अधिक होने से साइबर अपराध सामने आ रहे है और साइबर ठगीफिशिंग एवं डिजिटल अरेस्ट के माध्यम से व्यक्तियों को आर्थिक हानि पहुंचाई जा रही है।

### महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण पर पीएम का आभार

# ‘महिला शक्ति को घर से बाहर मिली पंचायत से संसद तक में भागीदारी’

हरिभूमि न्यूज >> बीना



नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026 के समर्थन में महिलाओं ने नगर पालिका में एकत्रित होकर पैदल रैली निकाली। महिलाओं को आरक्षण देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करने के लिए रैली आयोजित की गई। इस दौरान नारी शक्ति का सम्मान, देश का उद्धार और भारत माता की जय जैसे नारे लगाए गए। इस अवसर पर विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं की वास्तविक शक्ति को पहचाना है। नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में महिलाओं के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले महिलाएं केवल घर-गृहस्थी तक सीमित थीं, लेकिन अब उन्हें पंचायत से लेकर संसद तक में भागीदारी मिली है। पूर्व विधायक डॉ विनोद पंथी ने भी रैली में पधारी महिलाओं को संबोधित किया। रैली का समापन अंबेडकर तिराहा पर किया गया।

कार्यक्रम में जिला मंत्री आसमा जैन, जनभागीदारी अध्यक्ष सोनाली राय, सभापति मधुलिका यादव, सभापति भारती राय, एल्डरमैन सुनीता राय, कृष्णा कुशवाहा, संध्या जैन, मंजू बुंदेला, आस्था रजक, शशि कुशवाहा, शांति कुशवाहा सहित पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल रहे।

### नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त बनाने एक महत्वपूर्ण कदमः डॉ रेखा बरेठिया



**बीना।** पीजी कॉलेज में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत एक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ रेखा बरेठिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य बरेठिया ने कहा कि नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में शासन का एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे देश की नीति निर्माण प्रक्रिया में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। मुख्य वक्ता डॉ. रितु उमाहिया ने विद्यार्थियों को विधिक अधिकारों एवं संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों के संबंध में महत्वपूर्ण एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के अधिकारों, कानूनी संरक्षण एवं जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलम सिंह ने किया। आभार डॉ. एमएल सोनी द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उमेश यादव, श्वेता दुबे, नयनतारा मिश्रा, रिद्धि जैन एवं डॉ. कांति मिश्रा सहित कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।

# पोषण का अर्थ पेट भरना नहीं: मृणालिनी

हरिभूमि न्यूज >> बीना




महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तत्वावधान में गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में 8वें पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को कॉलेज प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन की उपस्थिति में व्याख्यान कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्राचार्य ने पोषण पखवाड़े के अंतर्गत छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता और प्रभारी मृणालिनी मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए पोषण के वैज्ञानिक और व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समझाया कि पोषण का अर्थ केवल पेट भरना नहीं, बल्कि शरीर को आवश्यक विटामिन, खनिज और संतुलित आहार प्रदान करना है। उन्होंने छात्राओं को दैनिक आहार में मोटे अनाज (मिलेट्स), हरी पत्तेदार सब्जियां और स्थानीय मौसमी फलों को शामिल करने की सलाह दी। ताकि एनीमिया जैसी समस्याओं से बचा जा सके। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण के लिए महिलाओं और छात्राओं का पोषण स्तर बेहतर होना अनिवार्य है। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में आगामी दिनों में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों जैसे—पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शन, जागरूकता सत्र और कुकिंग प्रतियोगिता की जानकारी साझा की गई।

### एक ही परिवार के 2 बच्चों का सीबीएसई परीक्षा में रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

# कक्षा दसवीं परीक्षा में सहज ने 95 और देशना ने 91 प्रतिशत अंक हासिल किए





**बीना।** कड़ी मेहनत, अनुशासन और पारिवारिक सहयोग से एक ही परिवार के 2 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कक्षा दसवीं की परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शहर के गांधी वार्ड निवासी सहज पिता अमित कुमार जैन ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जबकि देशना जैन पिता अरविंद कुमार जैन ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित कर शानदार प्रदर्शन किया। इस सफलता के पीछे विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, समय प्रबंधन और अनुशासित दिनचर्या का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

विद्यार्थियों ने बताया कि उन्होंने शिक्षकों के मार्गदर्शन में नियमित अध्ययन किया। लक्ष्य आधारित तैयारी अपनाई तथा मोबाइल एवं अन्य विकर्षणों से दूरी बनाकर अपनी पूरी ऊर्जा पढ़ाई में केंद्रित की। परिवार के सदस्य रेशु जैन ने बताया हमने बच्चों पर कभी अनावश्यक दबाव नहीं डाला। बल्कि उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सकारात्मक वातावरण और निरंतर सहयोग ही उनकी सफलता का आधार बना।

# संस्कार एकेडमी स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत, दी बधाई

हरिभूमि न्यूज >> अशोकनगर



गुना रोड, बरखेड़ी स्थित संस्कार एकेडमी स्कूल का मध्यप्रदेश बोर्ड कक्षा 12वीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय ने एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। संस्कार एकेडमी स्कूल जिले का एकमात्र ऐसा विद्यालय है, जहां से प्रत्येक वर्ष जिला टॉपर विद्यार्थी निकलते हैं।

इस वर्ष भी विद्यालय की छात्रा अंशु राजा परमार ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की। वहीं दूसरे स्थान पर मानस रघुवंशी 91 प्रतिशत अंकों के साथ रहे तथा तीसरे स्थान पर कृष रघुवंशी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके साथ ही सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं का परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्कार एकेडमी स्कूल अपने विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं जैसे रोबोटिक लैब उपलब्ध कराता है, जिससे छात्रों के तकनीकी एवं व्यावहारिक ज्ञान का विकास होता है और वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होते हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन राज पाराशर, डायरेक्टर राजदीप सिंह एवं प्राचार्य वी. सी. जयन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं।

पाइप लाइन तोड़ने वालों पर मामला दर्ज कराने की मांग

# वार्ड में दूषित जल की सप्लाई को लेकर कांग्रेसियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज >> बीना



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता एवं पूर्व प्रतिपक्ष नेता नगर पालिका के नेतृत्व में शहर के गांधी एवं राजीव गांधी वार्ड में दूषित जल सप्लाई एवं पाइपलाइन तोड़ने वालों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि शहर के गांधी एवं राजीव गांधी वार्ड में नाली निर्माण के दौरान जल सप्लाई की लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जिससे सीवेज का दूषित पानी लोगों के घरों में कुछ दिनों से पहुंच रहा है। जिसके उपयोग से कुछ लोग बीमार होकर अस्पतालों में भर्ती हैं। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को चेताया गया है कि पिछले दिनों इन्दौर में दूषित जल सप्लाई से करीब 35 से अधिक लोंगों की मौत हुई थी, ऐसी स्थिति हमारे शहर में न बने। ज्ञापन देते हुए मांग की गई है कि नाली क्षतिग्रस्त करने वालों एवं जल सप्लाई करने वालों पर आपराधिक मामला दर्ज कराकर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए ताकि हमारे शहर में भविष्य में कोई भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। ज्ञापन देने वालों में अशोक परिहार, निदान जैन, कौशल सेन, राजाराम अहिरवार, राजेंद्र आठिया एवं भारत भूषण सोनी (बीरू) आदि उपस्थित रहे।

### घटना भोपाल में हुई, खुलासा बुर्का पहनकर घर लौटने पर हुआ

# धर्मांतरण के तार पिपरई से जुड़े, 3 नाबालिग से दुष्कर्म कर धर्म परिवर्तन का मामला आया

हरिभूमि न्यूज >> अशोकनगर







हिन्दू लड़कियों को मुस्लिम बनाने का मामला सामने आ रहा है। धर्मान्तरण के इस बड़े मामले में समझा जाता है कि इन बालिकाओं को धर्मान्तरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है और इसमें किसी बड़े गिरोह के शामिल होने की संभावना है, जो अशोकनगर जिले के ग्रामीण अंचलो में काम कर रहा है। जो गरीब परिवारों की भोली भाली बालिकाओं को लालच दिखाकर उनका धर्मान्तरण किया जा रहा है। एक ऐसा ही ताजा मामला पिपरई जिला अशोकनगर का आया है, जिसमें 1 बालिका के धर्म परिवर्तन की कहानी सामने आई है। यह सारा घटनाक्रम भोपाल में हुआ, जब यह बालिका धर्मान्तरण के बाद बुर्का पहनकर अपने घर पिपरई वापिस लौटी तब यह मामला सामने आया। धर्मान्तरण के साथ दुष्कर्म का मामला भी सामने आया है। इसमें दो अन्य बालिकाओं का भी धर्मान्तरण किया गया है जिसमें एक भोपाल की और दूसरी बिहार की है।

पूरे मामले की कहानी यह है कि पिपरई की रहने वाली यह भोली भाली बालिकां इन बातों से अनभिज्ञ थीं की उनके साथ जो हो रहा है वह किसी सोची समझी चाल के साथ हो रहा है। इसकी कहानी तब सामने आई जब एक बालिका की मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई और पूरा घटनाक्रम बताया। उस समय बालिका मां के साथ में नहीं थी वह भोपाल में अपने मामा के घर गई हुई थी। उसे क्या पता था कि वह भोपाल अपने मामा के घर गई है वहां से बुर्का पहनकर लौटेगी। यह मामला गंभीर होने के बाद जब इस मामले की पिपरई पुलिस द्वारा तहकीकात की गई तब पूरे घटनाक्रम के मामले में अशोकनगर एसडीओपी विवेक शर्मा ने सारी स्थिति स्पष्ट कर दी।

उन्होंने बताया कि पिपरई की रहने वाली एक लड़की, लगभग 4 माह पहले भोपाल रेलवे स्टेशन पर अलतमश युवक से मिली थी, इस मुलाकात के बाद युवक ने उसे बहलाया फुसलाया और उसे अपने साथ ले गया जहां पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया गया। आरोपी युवक ने वहां पीड़िता का हिंदू से मुस्लिम धर्म परिवर्तन कराकर निकाह किए जाने, दिनांक 7 नंवबर 2025 को प्रभात चौराहा, भोपाल के घर पर पीड़िता को डरा- धमकाकर दुष्कर्म किए जाने तथा 10-15 बार विभिन्न स्थानों पर जबरन शारीरिक संबंध स्थापित किए जाने, इसी प्रकार, पीड़िता की दो सहेलियां (उम्र 14 एवं 15 वर्ष, निवासी भोपाल) के साथ आरोपी आहत शेख निवासी जिंसी, भोपाल एवं अरहान अली निवासी जिंसी गल्ला मंडी, भोपाल द्वारा हिंदू से मुस्लिम धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराए जाने तथा उनके साथ गलत कार्य किए जाने का मामला सामने आया है।

उक्त व्यक्ति आपस में घनिष्ठ मित्र होकर पीड़िताओं का ब्रेनवाश कर बुर्का पहनाने एवं गुप्त रूप से घूमने हेतु प्रेरित करने संबंधी रिपोर्ट लेख कराई। फरियादिया की रिपोर्ट पर से थाना पिपरई में अपराध क्रमांक 103/2026 धारा 137(2), 64(2)(एम), 65(1) बीएनएस, 3/4, 5 एल/6, पोस्को एक्ट, धारा 3/5 म.प्र. धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, धारा 3(2)(व्ही) एससी-एसटी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना प्रारंभ की गई है। मामले की संवेदनशीलता एवं गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी पिपरई निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित कर आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित कर विभिन्न स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

#### इनका कहना है

भोपाल में 3 बालिकाओं से धर्म परिवर्तन कराकर हिन्दू से मुस्लिम बनाकर निकाह किए जाने का मामला सामने आया है। जिनसे दुष्कर्म भी किया गया है, एक बालिका पिपरई की रहने वाली और दो बालिकाएं जो उसकी सहेली है एक भोपाल और दूसरी बिहार की रहने वाली है। सभी की उम्र लगभग 17 साल है, आरोपी अभी फरार हैं उनकी तलाश के लिए एक टीम बनाई गई है।
**राजीव कुमार मिश्रा** पुलिस अधीक्षक अशोकगर

# एक विषय में फेल होने पर छात्रा को घर से भागने से रोका

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना शाढौरा पुलिस ने मात्र 3 घंटे के भीतर एक नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया। उल्लेखनीय है कि 15 अप्रेल की रात्रि में थाना शाढौरा पर सूचना प्राप्त हुई कि 17 वर्षीय नाबालिग बालिका अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई है। उक्त सूचना पर थाना शाढौरा में अपराध क्रमांक 100/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी शाढौरा निरीक्षक सुनील सिकरवार को तत्काल अलग-अलग टीमें गठित कर बालिका की शीघ्र तलाश हेतु निर्देशित किया गया। निर्देशों के पालन में पुलिस टीम द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं अन्य संभावित स्थानों पर सघन खोजबीन की गई। पुलिस की त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही के परिणामस्वरूप बालिका को महज 03 घंटे के अंदर सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। पूछताछ के दौरान बालिका ने बताया कि कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में एक विषय में अनुत्तीर्ण होने के कारण वह घरवालों के डर से घर छोड़कर ट्रेन से अहमदाबाद जाने की योजना बना रही थी। पुलिस द्वारा बालिका को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# जिले की प्रावीण्य सूची में तृतीय स्थान पर खुशी व विद्यालय में प्रथम गुनगुन





**अशोकनगर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी की परीक्षा परिणाम 15 अप्रेल को घोषित किया गया। जिसमें विद्यालय द्रोपदी पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल कक्षा 10वीं की छात्रा खुशी रघुवंशी पुत्री रामकृष्ण रघुवंशी ग्राम ककराई ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की प्रावीण्य सूची में तीसरा स्थान एवं तहसील शाढ़ौरा मे प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व परिवार तथा अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार कक्षा 12वी की परीक्षा मे 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की छात्रा गुनगुन जैन पुत्री संजय जैन ने विद्यालय मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनके प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्राचार्य एवं विद्यालय परिवार शुभकामनाएं प्रेषित करता है। आशा करता है कि वह ऐसे ही हर क्षेत्र मे आगे बढें और प्रथम स्थान प्राप्त करें।

अशोकनगर स्टेशन से रवाना होते हुए ट्रेन

# भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस एलएचबी रैक के साथ प्रारम्भ हुई

हरिभूमि न्यूज >> अशोकनगर



रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने हेतु आईसीएफ रैकों को एलएचबी रैकों के साथ यात्री सुविधाओं को विस्तारित किया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट जोधपुर-भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस को आधुनिक एलएचबी रैक से संचालित बुधवार से प्रारंभ किया गया। बुधवार की रात 9:30 बजे यह ट्रेन अशोकनगर स्टेशन पर पहुंची। प्रारंभिक तिथि से प्रभावी रेलगाड़ियाँ एलएचबी कोच में परिवर्तित 1) गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन जोधपुर से 14 अप्रैल 2026 से प्रभावी। गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन भोपाल से 15 अप्रैल 2026 से प्रभावी। परिवर्तित एलएचबी कोच कंपोजीशन इस ट्रेन में 1 वातानुकूलित द्वितीय, 3 वातानुकूलित तृतीय, 2 वातानुकूलित तृतीय इकॉनमी, 7 स्लीपर, 4 सामान्य श्रेणी, 1 एसएलआरडी एवं 1 जनरेटर कार सहित कुल 19 एलएचबी कोच रहेंगे।

#### इनका कहना है

एलएचबी कोच आधुनिक तकनीक से निर्मित होते हैं, जो अधिक सुरक्षित, आरामदायक एवं उच्च गति क्षमता वाले होते हैं। **जन सम्पर्क अधिकारी,** पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल

# राव माधव हायर सेकंडरी स्कूल की प्रियंका रघुवंशी और कृष्णभान यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज >> अशोकनगर





जिले के राव माधव हायर सेकंडरी स्कूल के सत्र 2025-26 के माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की कक्षा 10वीं 12वीं का परीक्षा परिणाम 98.5 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में प्रियंका रघुवंशी पुत्री नितेश रघुवंशी ने बायोलॉजी विषय से 92.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान, खुशी खटीक पुत्री आनंद खटीक ने एग्रीकल्चर विषय से 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान वंदना यादव पुत्री अवधनारायण यादव ने एग्रीकल्चर विषय से 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान एवं नमन शर्मा पुत्र सचिंद्र शर्मा ने मैथ्स एवं बायोलॉजी विषय से 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया साथ ही सौरभ कुशवाह पुत्र छोटेलाल एग्रीकल्चर विषय से 85.4 प्रतिशत सचिन पाल पुत्र नीरज पाल एग्रीकल्चर विषय से 84.2 प्रतिशत अतुल रघुवंशी पुत्र अरविंद रघुवंशी एग्रीकल्चर विषय से 82.4 प्रतिशत कृष्ण यादव पुत्र धर्मेंद्र यादव एग्रीकल्चर विषय से 82.4 प्रतिशत राहुल कोरी पुत्र रामरतन कोरी एग्रीकल्चर विषय से 81 प्रतिशत अंक एवं कक्षा 10वीं में कृष्णभान यादव पुत्र राम सिंह ने 89.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान, राधिका शिवहरे पुत्री महेश शिवहरे ने 82.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान माधव शर्मा पुत्र लॉरेंस शर्मा ने 77.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल मान बढ़ाया है।